# इलेक्ट्रॉनिकी एवं फोटोनिकी अध्ययनशाला

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविधालय , रायपुर (छ.ग.)

## दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम

08 - 09 सितम्बर 2022

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज दिनांक आज 08-09-22 इलेक्ट्रॉनिकी एवं फोटोनिकी अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर एवं धवला कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड भिलाई के सयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो केसरी लाल वर्मा के कर कमलों से संपन्न हुआ।

कायकर्म में अति विशिष्ट अतिथि आचार्य डॉ हर्षवर्धन तिवारी, सेवनिर्वित प्रोफेसर , इलेक्ट्रॉनिकी अध्ययनशाला पं. र. वि. वि. रायपुर , विशिस्ट अतिथि कुलसचिव पं. र. वि. वि. रायपुर, विभाग अध्यक्ष डॉ कविता ठाकुर, डॉ संजय तिवारी निर्देशक, धवला कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड सु श्रीमती श्रीलता धवला, सहनिर्देशक, धवला कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड डॉ लक्ष्मी प्रसाद, सी. ई. ओ., धवला कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड सुश्री सुनीता दास, डॉ नमिता ब्रह्मे विभागाध्यक्ष भौतिकी अध्यनशाला, शोध छात्र- नेहा देवांगन, नमन शुक्ल, सुनंदन मंडल सहित लगभग 65 विद्याथीगण उपस्थित थे।

सरस्वती वंदना एवं कुलगीत के पश्चात माननीय कुलपति जी ने विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल की विभिन्न आयामों जैसे पब्लिक स्पीकिंग, लीडरशिप मैनेजमेंट, कॉनफ्लिक्ट मैनेजमेंट, इंटरपर्सनल स्पीकिंग की जानकारी दी और उन्होंने बताया कि इन आयामों को आत्मसात करते हुए व्यवहारिक जीवन में लागू करने में ही इन आयोजनों की सार्थकता साबित होगी।

कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि डॉ आचार्य हर्षवर्धन तिवारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिकी अध्ययनशाला एवं पूर्व कुलपति बरकातुल्लाह वि. वि. भोपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा - विद्यार्थियों को हमेशा जिज्ञासु प्रवृत्ति का होना चाहिए और कम्युनिकेशन स्किल उनकी सफलता में मील का पत्थर साबित हो सकता है। सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान की आवश्यकता पर जोर दिया स्मार्ट डिवाइस का उपयोग करने के साथ साथ विद्यार्थियों को प्रयोग के क्षेत्र में भी स्मार्ट होना आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष डॉ कविता ठाकुर जी ने स्वागत संबोधन करते हुए दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सॉफ्ट स्किल के आयाम मैपिंग डायमेंशन अर्थात पब्लिक स्पीकिंग, लीडरशिप, टाइम एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट के आयामों को पूर्ण पर्सनालिटी डेवलपमेंट में मैप करने के महत्व पर प्रकाश डाला।


कार्यक्रम के संयोजक, धावला कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड भिलाई, श्रीमती श्रीलता धावला ने विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग की आवश्यकता से अवगत कराया।


कुलसचिव, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉक्टर शैलेंद्र पटेल ने सॉफ्ट स्किल के साथ-साथ हार्ड स्किल की महत्ता को बताते हुए पुरजोर शब्दों के साथ सभा को संबोधित किया।


अध्ययनशाला के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ संजय तिवारी ने छात्र जीवन में शून्य से शिखर तक पहुंचने के लिए सॉफ्ट स्किल के विभिन्न नियमों से अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन कु. आयुशी सोनी एवं श्री सोनू कुमार सिंह एवं आभार ज्ञापन श्री मोहनीश कुमार साहू के द्वारा किया गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फोटोनिक्स अध्ययनशाला पं. र. वि. वि. के छात्र- छात्राओं के साथ वि. वि. के अन्य अध्ययन शाला के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।




TRAINING PROGRAM
8-9 Sept. 2022 at 10:00 AM
Venue:-
Organizer
Dr. S.K. Patel
Registrar
Pt. R.S.U, Raipur
Co-ordinator
Dr. Kavita Thakur
HOD




S.O.S in Electronics & Photonics
Pt. Ravishankar Shukla University
In Association with
DHAVALAS
The Enterprising Professionals
Cordially Invites All Students for
TWO DAYS SOFT SKILLS
TRAINING PROGRAM
8-9 Sept. 2022 at 10:00 AM










दैनिक भास्कर सिटी भास्कर रायपुर 08-09-2022

## पब्लिक स्पीकिंग और लीडरशिप की देंगे ट्रेनिंग

सिटी रिपोर्टर | पं रविवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फोटोनिक्स अध्ययनशाला में आज गुरुवार से दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ कविता ठाकुर ने बताया, कैंपस में सुबह 10 बजे से होने वाले कार्यक्रम में पब्लिक स्पीकिंग, लीडरशिप, इंटरपर्सनल स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, डिसीजन मेकिंग, कॉन्फ्लिट मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट के बार में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क है।

**कार्यक्रम** रविवि में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम में बोले वक्ता

## सफलता के लिए मील का पत्थर साबित होगी कम्युनिकेशन स्किल

ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

**रायपुर।** रविवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फोटोनिको अध्ययनशाला में दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। चीफ गेस्ट कुलपति केएल वर्मा ने कहा कि विभिन्न आयामों को आत्मसात करते हुए व्यवहारिक जीवन में लागू करके ही इन आयोजनों की सार्थकता साबित होगी।

बरकातुल्लाह विवि भोपाल के पूर्व कुलपति आचार्य हर्ष वर्धन तिवारी ने कहा, विद्यार्थियों को हमेशा जिज्ञासु प्रवत्ति का होना चाहिए। कम्युनिकेशन स्किल उनकी सफलता में मील का पत्थर साबित हो सकता है। सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान की आवश्यकता पर जोर दिया। स्मार्ट डिवाइस का उपयोग करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी स्मार्ट होना आवश्यक है।



### व्यक्तित्व विकास में अहम है आत्मविश्वास

रविवि के कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल ने सॉफ्ट स्किल के साथ-साथ हार्ड स्किल की महत्ता को बताया। प्रोफेसर संजय तिवारी ने छात्र जीवन में शून्य से शिखर तक पहुंचने के लिए सापॅट स्किल के विभिन्न आयामों के बारे में विभिन्न जानकारी दी। सुनिता दास ने आत्मविश्वास को जागृत करने इसका व्यक्तित्व विकास में भूमिका को बताया। श्रीलता

## प्रथम तकनीकी सत्र 08.09.2022

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में आत्मविश्वास को कैसे जागृत करें इस विषय पर सुश्री सुनीता दास ने व्याख्यान दिया और किस प्रकार व्यक्तित्व विकास में कारगर साबित हो सकता है बताया। निर्देशक श्रीलता धावला ने सेल्फ अवेयरनेस, कैरेक्टर बिल्डिंग आत्मविश्वास पर व्याख्यान दिया एवं खेल-खेल में सत्र को रोचक बनाया। प्रथम दिवस के समापन में उन्होंने ने संदेश दिया की स्वयं को सशक्त करके ही सफलता हासिल की जा सकती है।





## सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम , दूसरा दिन : दिनांक - 09.09.2022

ट्रेनिंग प्रोग्राम के दूसरे दिन अर्थात 09.09.2022 में श्री टी पी पाढ़ी, सी. ई. ओ.धावला वाटर रिसोर्सेज प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, भिलाई, लक्ष्मी प्रसाद सहनिर्देश , धावलास कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड , भिलाई एवं निर्देशक श्रीमती श्रीलता धावला जी ने शिरकत की। श्री टी.पी. पाढ़ी, ने टीम वर्क किसे कहते हैं?, टीम का महत्व क्यों जरूरी है?, टीम के कौशल और टीम के फायदों को बहुत ही रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जिम्मेदारी लेना, रिस्क लेना,किसी समस्या का समाधान करने की क्षमता और समय के सदुपयोग का भी बहुत अच्छे ढंग से इस कार्यशाला के माध्यम से साझा किया।

डॉ. लक्ष्मी प्रसाद जी ने कहा लोगों के साथ व्यवहार कुशलता किसी भी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए लोक व्यवहार एक बहुत ही महत्वपूर्ण आयाम है। लोक व्यवहार की जरूरत और महत्व, अच्छे से बातचीत करना, कब हां और कब ना करना है, कैसे असहमत होना है?, कैसे हम किसी की तारीफ करें,कब और कैसे आलोचना करे, साथ ही कैसे तहे दिल से धन्यवाद करें। इन्होंने इन सभी पहलुओं पर बहुत ही खूबसूरत तरीके से प्रकाश डाला और कहा कि यह जीवन पर्यंत सीखते रहने और अपनी आदत बनाने की प्रक्रिया है।

श्रीमती श्रीलता धावला ने बहुत ही रोचक तरीके से संचार कौशल के नियम को समझाया। उन्होंने बॉडी लैंग्वेज सही रखने,बातों को ध्यान से सुनने, व्यक्ति को समझने एवं सही शब्दों का प्रयोग करने की ओर सबका ध्यान

आकर्षित किया। उन्होंने बॉडी लैंग्वेज पर आधारित खेल करवाएं। क्रिएटिविटी को बढ़ाने के लिए 30 सर्कल गेम करवाया गया। साक्षात्कार में प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए साक्षात्कार कौशल को बहुत ही रोचक ढंग से बताया।

कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. कविता ठाकुर ने सॉफ्ट स्किल पर आधारित कार्यक्रम में श्री डी.पी. पाठी के द्वारा उधबोधित टीम वर्क के महत्व और उसकी आवश्यकताओं एवं डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद के द्वारा समझाएं लोक व्यवहार के महत्व और उसकी उपयोगिता की प्रशंसा की। श्रीमती श्री लता  धावला के द्वारा बॉडी लैंग्वेज,क्रिएटिविटी एवं साक्षात्कार कौशल बढ़ाने के लिए खेल पाए गए गेम की पूरी-पूरी प्रशंसा की।  अंत में उन्होंने वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन का समापन किया।










09/09/2022 11:33


SHOT ON MI 10I | VICKY
09/09/2022 16:51

# दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम



रायपुर। रविवि के इलेक्ट्रॉनिक एवं फोटोनिकी अध्ययन शाला में दो दिवसीय साफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ। जिसमे पहले दिन मुख्य अतिथि वाइस चांसलर प्रो. केएल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि आचार्य हर्षवर्धन तिवारी रहे। दूसरे दिन शुक्रवार को कार्यक्रम में सीईओ टीपी पाढ़ी, एसोसियट डायरेक्टर डॉ. लक्ष्मी प्रसाद, डायरेक्टर श्रीलता धावला एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कविता ठाकुर उपस्थित रहीं। इस दौरान श्री पाढ़ी ने उपस्थित छात्रों को जिम्मेदारी लेना, रिस्क लेना, किसी समस्या का समाधान करने की क्षमता और समय के सदुपयोग को कार्यशाला के माध्यम से बताया।

# सर्वांगीण विकास के लिए लोक व्यवहार महत्त्वपूर्ण आयाम

**रायपुर @ पत्रिका.** रविवि के इलेक्ट्रॉनिकी एवं फोटोनिकी अध्ययनशाला की ओर से सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग के दूसरे दिन वक्ता टीपी पाढ़ी ने टीम वर्क किसे कहते हैं ?, टीम का महत्व टीम क्यो जरूरी है ?, टीम के कौशल और टीम के फायदों को बहुत ही रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जिम्मेदारी लेना, रिस्क लेना, किसी समस्या का समाधान करने की क्षमता और समय के सदुपयोग पर भी अपनी बात रखी। लक्ष्मी प्रसाद ने कहा, किसी भी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए लोक व्यवहार एक बहुत ही महत्वपूर्ण आयाम है। लोक व्यवहार की जरूरत और महत्व, अच्छे से बातचीत करना, कब हां और कब ना करना है, कैसे असहमत होना है, कैसे हम किसी की तारीफ करें, कब और कैसे आलोचना करें, साथ ही कैसे तहे दिल से धन्यवाद करें, इन बातों को उदाहरण समेत बताया। श्रीलता शास्त्री धावला ने संचार कौशल के नियम को समझाया। उन्होंने बॉडी लैंग्वेज सही रखने, बातों को ध्यान से सुनने, व्यक्ति को समझने एवं सही शब्दों का प्रयोग करने की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया।